**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं0 882**

**07 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए**

**पणजी स्मार्ट सिटी परियोजना की स्थिति**

**882. श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हाः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पणजी स्मार्ट सिटी परियोजना शुरू कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) पणजी स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नामित उप-परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनके लिए परियोजना-वार कितनी धनराशि आबंटित की गई है; और

(घ) रुकी हुई/विलंबित परियोजनाएं कितनी हैं और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (घ) भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरूआत की। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। पणजी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए मई 2016 में फास्ट ट्रैक दौर में चुना गया था।

24 नवंबर 2023 तक, इमेजिन पणजी स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जा रही 936.75 करोड़ रूपये की 35 परियोजनाओं में से, 341.79 करोड़ रूपये की 16 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 594.96 करोड़ रूपये की 19 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। पणजी स्मार्ट सिटी योजना के तहत आने वाली परियोजनाएं और उनके लिए आवंटित धनराशि का, परियोजना-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और इमेजिन पणजी स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड सहित सभी स्मार्ट शहरों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करेगे।

***

**<u>पणजी स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में माननीय सांसद श्री कॉस्मे फ़्रांसिस्को कैटानो सर्दिन्हा, द्वारा पूछे गए दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं0 882 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I</u>**

**<u>इमेजिन पंजिम स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड की परियोजनाओं का विवरण</u>**

(राशि करोड़ रूपये में )

| क्र.सं. | परियोजना | एससीएम लागत |
|---|---|---|
| 1 | ओवरहेड से भूमिगत विद्युत नेटवर्क का स्मार्ट कंवर्जन-पणजी रिबंदर | 73.75 |
| 2 | पणजी शहर के लिए मास्ट टावर्स के साथ स्मार्ट रेडियो वायरलेस नेटवर्क का कार्यान्वयन | 0.21 |
| 3 | गोवा इंटेलिजेंट सिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर का चयन पणजी सिटी | 214.18 |
| 4 | माला, पणजी में बाढ़ शमन उपाय और बाढ़ जल पंपिंग स्टेशन का निर्माण | 17.19 |
| 5 | पणजी के गोवा इंटेलिजेंट सिटी मैनेजमेंट सिस्टम (जीआईसीएमएस) के लिए इंटरनेट बैंडविड्थ कनेक्टिविटी-डीसी और डीआर | 3.56 |
| 6 | पणजी शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन बुनियादी ढांचे का उन्नयन-5 वर्षों के संचालन और रखरखाव सहित 5 टीपीडी के 2 बायोडाइजेस्टर संयंत्र, लीफ लिटर के लिए 2 कंपोस्टर और कंपोस्टिंग के लिए 10 एरियशन प्रणाली इकाइयां। | 6.4 |
| 7 | पणजी शहर निगम (सीसीपी) द्वारा किए गए विभिन्न अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के प्रबंधन के लिए विशेष वाहनों की खरीद | 3.66 |
| 8 | पणजी शहर में सीवरेज नेटवर्क के संचालन और रखरखाव के लिए उपकरणों की खरीद | 0.53 |
| 9 | पणजी शहर निगम (सीसीपी) के लिए मल्टी-डेक वाइब्रेटरी स्क्रीनिंग मशीन की खरीद | 0.47 |
| 10 | पणजी शहर में पैदल यात्री मार्गों का उन्नयन-चरण 1-पुराने पैटो ब्रिज से चर्च स्क्वायर तक हैरीटेज मार्ग | 2.68 |
| 11 | स्मार्ट क्लासरूम-पणजी शहर के निगम के अधिकार क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में आईसीटी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना | 0.5 |
| 12 | सेंट्रल लाइब्रेरी और क्रीक को जोड़ने वाला पैदल यात्री पुल | 9.43 |
| 13 | सरकारी क्वार्टर, अल्टिन्हो, पणजी के पास हरित स्थानों का विकास | 1.44 |
| 14 | अल्टिन्हो नेबरहुड ग्रीन्स में खुली जगहों के लिए भूदृश्य | 0.96 |
| 15 | ईएसजी बिल्डिंग, पणजी के पास, सेंट इनेज़ क्रीक पर न्यू मांडोवी रिवर प्रोमेनेड को डीबी रोड से जोड़ने वाले आर्च ब्रिज का निर्माण | 6.28 |
| 16 | स्मार्ट क्लासरूम-सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकास | 0.55 |
| 17 | इमेजिन पणजी स्मार्ट सिटी विकास लिमिटेड के कार्यालय परिसर के इंटीरियर डिजाइन का जीर्णोद्धार, नवीनीकरण। | 27.58 |
| 18 | पैदल यात्री स्पाईन का विकास और पैटो क्षेत्र का पुनरुद्धार | 21.5 |
| 19 | इंटेलिजेंट सार्वजनिक परिवहन अवसंरचना का विकास | 49.92 |
| 20 | सेंट इनेज़ नाले का जीर्णोद्धार-हाइड्रोडायनामिक्स, जल गुणवत्ता और किनारों के | 41.13 |

| क्र.सं. | परियोजना | एससीएम लागत |
|---|---|---|
| | स्थिरीकरण का विकास और सुधार | |
| 21 | सेंट इनेज़ नाले का जीर्णोद्धार-7 स्थानों पर पुलियाओं/पुलों का पुनर्निर्माण और नवीनीकरण | 9.87 |
| 22 | मीरामार में स्मार्ट पार्किंग | 6.35 |
| 23 | पणजी शहर के लिए स्काडा के साथ 24X7 जल आपूर्ति | 58.11 |
| 24 | मिरामार बीच से ईएसजी बिल्डिंग तक एक सतत पैदल यात्री स्पाइन बनाने के लिए मंडोवी नदी के दोनों तरफ प्रोमेनेड का विस्तार | 40.97 |
| 25 | मनोरंजन केंद्र और स्मार्ट पार्किंग की सुविधा के साथ हरित स्थान के रूप में पणजी शहर के कैम्पल क्षेत्र का जीर्णोद्धार। | 18.05 |
| 26 | उन्नयन, संवर्द्धन, फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, समर्पित उपयोगिता गलियारा सहित सड़को का सुधार और इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) पर विद्युत, जल आपूर्ति, सीवेज, ओएफसी आदि जैसी नई उपयोगिताएँ प्रदान करना। | 129.81 |
| 27 | पणजी गोवा में कैफे भोसले स्क्वायर का सौंदर्यीकरण और पैदल यात्रीकरण। | 4.45 |
| 28 | रिबंदर सामुदायिक बाजार का विकास। | 7.73 |
| 29 | रिबंदर में मछुआरों के घाट का पुनर्विकास। | 2.6 |
| 30 | स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चयनित सुविधाओं के संचालन और रखरखाव के साथ पणजी में यूनिवर्सल वॉकवे का विकास | 80.44 |
| 31 | स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चयनित सुविधाओं के संचालन और रखरखाव के साथ स्मार्ट रिबंदर का विकास | 82.26 |
| 32 | सीसीपी, पणजी में स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत शुरू की गई सड़कों पर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग प्रदान करना | 6.4 |
| 33 | पैदल यात्री स्पाईन का विकास और पैटो क्षेत्र का जीर्णोद्धार-मनमोहक भूदृश्य निर्माण कार्य | 1.54 |
| 34 | पैदल यात्री स्पाईन का विकास और पैटो क्षेत्र का जीर्णोद्धार-जीटीडीसी भूमि के पीछे मैंग्रोव बोर्डवॉक | 5.06 |
| 35 | पैदल यात्री स्पाईन का विकास और पैटो क्षेत्र का जीर्णोद्धार-क्लाइम्बिंग वॉल और इनडोर मनोरंजन संबंधी निर्माण कार्यों की डिजाइनिंग, आपूर्ति और स्थापना | 1.19 |

(स्रोत: इमेजिन पणजी स्मार्ट सिटी लिमिटेड)